

## अतिवृष्टि से खराब हुई फसल देखने खेत में उतरे मनगवां विधायक नरेन्द्र

**नवभारत न्यूज**

**रीवा, 1 नवम्बर, बेमौसम हुई अतिवृष्टि के कारण किसानो की फसल बर्बाद हो गई है. खरीफ की फसल धान कोदौ, मूंग, उड़द के हुए नुकसान को लेकर किसानो के खेतो में निरीक्षण करने मनगवां विधायक इंजी. नरेन्द्र प्रजापति पहुंचे और किसानो को ढाढस बंधाते हुए कहा कि संकट की इस घड़ी में सरकार आपके साथ है.**

निरीक्षण के बाद विधायक ने कलेक्टर रीवा एवं मऊगंज को पत्र लिखकर नुकसान का सर्वे कराकर पीड़ित पात्र किसानो को मुआवजा दिलाने के लिये कहा. फिलहाल दोनो जिले के कलेक्टरो ने वर्षा से खराब हुई फसल का सर्वे कराने के आदेश दिये है. मनगवां विधानसभा क्षेत्र एवं मऊगंज जिले में मोथा तूफान के चलते क्षेत्र में भारी बारिश हुई है. जिसके कारण खरीफ की फसल धान, मूंग, उड़द, का बेहद नुकसान हुआ है. मनगवां विधायक इंजी. नरेन्द्र प्रजापति प्रभावित खेतो में जाकर फसल को देखा और पीड़ित किसानो से मुलाकात भी की. धान की फसल खेत में ही खराब हो गई है. विधायक ने किसानो को ढाढस बंधाते हुए कहा कि इस संकट की घड़ी में सरकार आपके साथ है और खराब हुई फसल का सर्वे किया जायेगा जो भी पीड़ित प्रभावित पात्र किसान है उन्हे मुआवजा राशि दी जाएगी. विधायक श्री प्रजापति ने बताया कि फसल को देखने के बाद उन्होने कलेक्टर रीवा एवं मऊगंज को पत्र लिखकर नुकसान का सर्वे करने की मांग की थी और सर्वे शुरू भी कर दिया गया है.


# मऊगंज में धूमधाम से मनाया गया प्रदेश का स्थापना दिवस

### प्रदेश में 2028 तक एक करोड़ हेक्टेयर में होगी सिंचाई : जर्नादन, सांस्कृतिक कार्यक्रमों की दी गई प्रस्तुति

**नवभारत न्यूज**

**मऊगंज, 1 नवम्बर, मऊगंज में प्रदेश स्थापना दिवस का मुख्य समारोह कलेक्ट्रेट परिसर में आयोजित किया गया. समारोह के मुख्य अतिथि सांसद जनार्दन मिश्र ने ध्वजारोहण करके कार्यक्रम का शुभारंभ किया.**

इस अवसर पर सांसद ने कहा कि चार क्षेत्रों को मिलाकर 1956 में मध्यप्रदेश का गठन किया गया. प्रदेश गठन के मसौदे में ही विन्ध्य प्रदेश में 10 वर्षों में ललितपुर से सिंगरौली रेलवे लाइन का उल्लेख है लेकिन यह कार्य पूरा न हो सका. 1977 में इस रेलवे लाइन का सर्वे शुरू हुआ. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने इस रेलवे लाइन के निर्माण के



लिए लगातार सहयोग किया. इस वर्ष इस परियोजना के लिए 700 करोड़ रुपए का बजट मिला है. अब रीवा से रामपुर नैकिन तक रेलवे लाइन बन गई है. सतना से पन्ना तक का कार्य भी एक साल में पूरा हो जाएगा. अगले कुछ सालों में ललितपुर से सिंगरौली तक रेलवे लाइन का सपना साकार होगा. यह रेलवे लाइन अगर आज से 50 वर्ष पहले बन गई होती तो पूरे विन्ध्य की तस्वीर बदल जाती. समारोह में सांसद ने सभी को प्रदेश के विकास में योगदान की शपथ दिलाई. सांसद ने कहा कि मध्यप्रदेश ने 2003 के बाद तेजी से विकास किया है. 2003 में केवल सात लाख हेक्टेयर में प्रदेश में सिंचाई होती थी.

प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव जी ने कहा है कि 2028 तक प्रदेश में एक करोड़ हेक्टेयर क्षेत्र में सिंचाई की सुविधा मिलेगी. अब प्रदेश तेजी से विकास कर रहा है. समारोह में विधायक मऊगंज प्रदीप पटेल ने कहा कि आज प्रदेश का स्थापना दिवस हम सबके लिए गौरव का दिन है. आज ही के दिन 1956 में विन्ध्य प्रदेश, महाकौशल, सेन्ट्रल प्राविंस और बरार तथा भोपाल और ग्वालियर क्षेत्र को मिलाकर नए मध्यप्रदेश का गठन हुआ. इसमें वर्तमान छत्तीसगढ़ भी शामिल था. प्रदेश में सरकार की कल्याणकारी योजनाओं और विकास के प्रयासों के सार्थक परिणाम दिखाई दे रहे हैं. महिला सशक्तिकरण, अधोसंरचना विकास, स्वास्थ्य और शिक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय प्रगति हुई है. समारोह में विद्यार्थियों ने मध्य प्रदेश गान की मधुर प्रस्तुति दी. रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम में राखी द्विवेदी ने गीत प्रस्तुत किए. समारोह में जनपद अध्यक्ष मऊगंज श्रीमती नीलम सिंह, नगर परिषद अध्यक्ष मऊगंज बृजवासी पटेल मौजूद थे.

## किसानों को मुआवजा दिलाने विधायक ने सीएम को लिखा पत्र

**नवभारत न्यूज**

**गुढ़, 1 नवम्बर, गुढ़ विधायक नागेन्द्र सिंह ने प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव को पत्र लिखकर भारी बारिश से नष्ट हुई फसलों के कारण किसानों को हुई आर्थिक क्षति की भरपाई हेतु राहत राशि प्रदान करने की मांग की है.**

विधायक ने पत्र में उल्लेख किया कि रीवा जिले में विगत माह तथा वर्तमान में हुई असामयिक भारी बारिश के चलते गुढ़ क्षेत्र में धान, सोयाबीन, सब्जियों सहित अनेक फसलें बुरी तरह प्रभावित हुई हैं. लगातार बारिश से खेतों में पानी भर गया जिससे फसलें सड़ गईं और पौधे क्षतिग्रस्त हो गए. इस आपदा से किसानों की आर्थिक स्थिति पर गंभीर प्रभाव पड़ा है तथा गरीब कृषकों के सामने आजीविका का संकट खड़ा हो गया है. विधायक नागेन्द्र सिंह ने मुख्यमंत्री से आग्रह किया है कि किसानों को हुए नुकसान का सर्वे कर आकलन के आधार पर तत्काल मुआवजा राशि स्वीकृत करने के निर्देश जारी किए जाएं, ताकि क्षेत्र के किसानों को राहत मिल सके और उनकी आर्थिक स्थिति में सुधार हो सके.

## जन औषधीय व स्वास्थ्य केन्द्रों का नियत समय पर संचालन सुनिश्चित करें : संजय

**नवभारत न्यूज**

**मऊगंज, 1 नवम्बर, कलेक्टर संजय कुमार जैन ने जिले के सभी जन औषधि केन्द्रों, आरोग्य केन्द्र, संजीवनी केन्द्र एवं स्वास्थ्य केन्द्रों का समय से संचालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं.**

उन्होंने केन्द्रों में पदस्थ चिकित्सकों व अन्य स्टाफ को नियत समय तक उपस्थित रहकर चिकित्सकीय सुविधा उपलब्ध कराते हुए केन्द्रों में साफ-सफाई व अन्य व्यवस्था दुरूस्त रखने के निर्देश दिए हैं.

कलेक्टर द्वारा जिले के 31 जन औषधि केन्द्रों के लिए नोडल अधिकारी की नियुक्ति की गई है. यह नोडल अधिकारी समय-समय पर केन्द्रों का निरीक्षण करके प्रतिवेदन प्रस्तुत करेंगे.

## सतर्कता जागरुकता सप्ताह का समापन आज

**नवभारत न्यूज**

**गुढ़, 1 नवम्बर, पावरग्रिड कॉर्पोरेशन ऑफ़ इंडिया लिमिटेड के गुढ़ में स्थित रीवा उपकेंद्र कार्यालय 27 अक्टूबर से 02 नवम्बर 2025 तक सतर्कता जागरूकता सप्ताह मनाया जा रहा है.**

केंद्रीय सतर्कता आयोग (सीवीसी) के दिशानिर्देशों के अनुसार इस वर्ष की थीम सतर्कता हमारी साझा जिम्मेदारी' रखी गई. इस दौरान पावरग्रिड रीवा द्वारा स्थानीय शास. उच्च्यतर माध्यमिक विद्यालय, बदवार में निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया तथा विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कार वितरित किए गए. पावरग्रिड के कर्मचारियों द्वारा वॉकथॉन - पदयात्रा निकालकर स्थानीय लोगों के बीच भ्रष्टाचार विरोधी जागरुकता अभियान चलाया गया.

# मऊगंज कलेक्टोरेट प्रांगण में दिलाई गई शपथ

**नवभारत न्यूज**

**मऊगंज, 1 नवम्बर, मऊगंज कलेक्ट्रेट प्रांगण में राष्ट्रीय एकता दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में एकता और अखण्डता की शपथ दिलाई गई.**

लौह पुरूष सरदार वल्लभ भाई पटेल की 150वीं जयंती के अवसर पर आयोजित रन फॉर यूनिटी को विधायक मऊगंज प्रदीप पटेल ने हरी झण्डी




दिखाकर रवाना किया. इस अवसर पर कलेक्टर संजय कुमार जैन, पुलिस अधीक्षक दिलीप सोनी एवं जिले के अधिकारियों-कर्मचारियों सहित गणमान्यजन, पुलिसकर्मी विद्यालय एवं महाविद्यालय के छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे. इस दौरान सभी में उत्साह देखा गया. रन फॉर यूनिटी दौड़ शहर के विभिन्न मार्गों से गुजरी और राष्ट्र की एकता, अखण्डता और सुरक्षा को बनाए रखने का संदेश दिया.



बेमौसम हुई तेज बारिश से धराशाई हुई धान की फसल

## शासकीय शहीद केदारनाथ महाविद्यालय मऊगंज में दो दिवसीय युवा उत्सव का शुभारंभ




**नवभारत न्यूज**

**मऊगंज, 1 नवम्बर, शासकीय शहीद केदारनाथ महाविद्यालय मऊगंज में दो दिवसीय युवा उत्सव का शुभारंभ महाविद्यालय सभागार में माँ सरस्वती की पूजा एवं दीप प्रज्वलन से हुआ. कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एड. महेशचन्द्र राल्ही अध्यक्ष जनभागीदारी समिति - शास. शहीद केदा. महा.**

मऊगंज, विशिष्ट अतिथि डॉ. गया प्रसाद मिश्र पूर्व प्राचार्य, डॉ. श्रीमोहन त्रिपाठी पूर्व विभागाध्यक्ष भूगोल एवं डॉ. भजनराम मौर्य प्राचार्य शास. महा. हनुमना तथा कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. एस. डी. पाण्डेय जी ने किया. युवा उत्सव में होने वाली विभिन्न प्रतियोगीताओं एवं विधाओं के विषय में युवा उत्सव प्रभारी प्रो. अनबर खान ने विस्तार से बताया. कार्यक्रम में महाविद्यालय जनभागीदारी अध्यक्ष एड. राल्ही जी ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि युवा उत्सव भारतीय संस्कृति और परम्परा को आगे बढ़ाने का कार्य करता है.

स्वतंत्रता आंदोलन के इतिहास में युवाओं की महत्वपूर्ण भूमिका रही है. महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. एस.डी. पाण्डेय ने अध्यक्षीय उदबोधन देते हुए कहा कि हमारे युवा न सिर्फ इस महाविद्यालय में बल्कि अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर पहुंच रहे हैं. महाविद्यालय के विद्यार्थी बढ़चढ़ कर युवा उत्सव में भाग ले और आगे बढ़े. कार्यक्रम का संचालन डॉ. आर. एन. पटेल एवं डॉ अवनीश सिंह द्वारा किया गया. युवा उत्सव के प्रथम दिन विभिन्न विधाओं एकल गायन शास्त्रीय, एकल गायन सुगम, रंगोली, पोस्टर निर्माण आदि का आयोजन हुआ जिसमें छात्र - छात्राओं ने अत्यधिक उत्साहपूर्वक सहभागिता किया. डॉ. एन.डी. त्रिपाठी, डॉ. राघवेन्द्र मिश्रा, डॉ. ब्रह्मानंद शर्मा, डॉ. रविशंकर द्विवेदी, डॉ. सतीष कुमार मिश्रा, डॉ. आशीष सोहगौरा, डॉ. सुनीता द्विवेदी, डॉ. तरुणा सिंह, डॉ. विभा सिंह, डॉ. विवेक सिंह, डॉ. प्रकाश पाण्डेय, डॉ. नीता मिश्रा, डा0 शिवम, डॉ. प्रियंका केशरवानी, डॉ. सुधाकर देव एवं अन्य अधिकारी / कर्मचारियों ने उपस्थित होकर सहयोग किया.

### वर्षा से हुई फसल क्षति का आंकलन करें : जैन

मऊगंज, 1 नवम्बर, कलेक्टर संजय कुमार जैन ने जिले के सभी तहसीलदारों को निर्देश दिए हैं कि वर्षा के कारण हुई क्षति का संयुक्त दल गठित कर आंकलन करें तथा जानकारी कलेक्टर कार्यालय को उपलब्ध कराएं. उन्होंने कहा है कि राजस्व, कृषि, उद्यानिकी और पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के अधिकारियों-कर्मचारियों के संयुक्त दल द्वारा जनप्रतिनिधियों व प्रभावित कृषकों की उपस्थिति में सर्वे का कार्य पूर्ण कर जानकारी दें.

# बेमौसम हुई बारिश से किसानों की धान की फसल हुई चौपट

### गेहूं की बोनी भी होगी प्रभावित, राहत राशि दिलाने की मांग

**नवभारत न्यूज**

**कटरा, 1 नवम्बर, कई दिनों से लगातार खराब मौसम और बारिश के कारण किसानों की धान की फसल चौपट हो गई है.**

जिन किसानों की धान कट गई है वह खरिहान में सड़ रही है, कुछ किसानों की कटी धान खेत में ही पड़ी है. जहां पानी भर गया है जिनकी नहीं कटी है उन किसानों की धान तेज हवा और बारिश से गिर गई है जो खेत में ही सड़ रही है. इस बार बारिश अच्छी होने के कारण धान की फसल अच्छी थी किसान खुश थे. लेकिन बारिश ने ही किसानों के चेहरे की मुस्कान छीन लिया , यहां ज्यादातर छोटे और मझोले किसान हैं जो कर्ज लेकर खाद बीज खरीदने हैं, ट्रैक्टर की जुताई भी देते हैं, फसल चौपट होने के कारण किसान डिप्रेशन में है. अब किसान क्या खाएगा कैसे कर्ज देगा यह कर्ज नहीं दिया तो अगली फसल के लिए खाद बीज उधार कौन देगा,

किसान को नींद नहीं आ रही है, कटरा के सत्येंद्र तिवारी ने बताया कि इस वर्ष धान की फसल अच्छी थी लेकिन इस बारिश ने किसानो को बरबाद कर दिया, कुछ कटी धान खेत में सड़ रही है जो नहीं काटी है वह पूर्णतय: गिर गई है वह भी सड़ रही है, प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव को चाहिए कि मध्य प्रदेश के किसानों के लिए तत्काल राहत पैकेज की घोषणा करें तभी किसानों को डिप्रेशन से बचाया जा सकता है.

# शासकीय स्नातक महाविद्यालय गुढ़ में उत्साहपूर्वक मनाया गया स्थापना दिवस

**नवभारत न्यूज**

**गुढ़, 1 नवम्बर, शासकीय स्नातक महाविद्यालय गुढ़, रीवा में मध्य प्रदेश स्थापना दिवस उत्साहपूर्वक मनाया गया. कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. आर.के. तिवारी द्वारा मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर किया गया.**

तत्पश्चात मध्य प्रदेश गान, सरस्वती वंदना एवं स्वागत गीत प्रस्तुत किए गए. मुख्य अतिथि एवं मुख्य वक्ता डॉ. संदीप कपूर द्वारा मध्य प्रदेश की गौरवशाली परंपरा, सांस्कृतिक धरोहर एवं




विकास यात्रा पर प्रेरणादायक वक्तव्य प्रस्तुत किया गया. इसके उपरांत विद्यार्थियों द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ दी गईं, जिनमें एकल गायन, युगल गायन, समूह गायन, नृत्य एवं सामूहिक देशभक्ति प्रस्तुतियाँ सम्मिलित रहीं. विद्यार्थियों के उत्साह और प्रस्तुति की गुणवत्ता ने वातावरण को ऊर्जावान बना दिया. इसी क्रम में बी.ए. द्वितीय वर्ष के विद्यार्थी शिवांश शुक्ला ने तबला वादन (ताल वाद्य) में अपनी उत्कृष्ट प्रस्तुति से सभी का मन मोह लिया. उन्होंने तीनताल एवं झपताल की लयबद्ध संरचना को अद्भुत तालमेल और निपुणता के साथ प्रस्तुत किया. उनकी उंगलियों की गति और सुरों की शुद्धता ने उपस्थित जनों को भारतीय शास्त्रीय संगीत की गहराई का अनुभव कराया. निर्णायक मंडल ने उनके प्रदर्शन की सराहना करते हुए कहा कि शिवांश का वादन न केवल तकनीकी दृष्टि से सशक्त था बल्कि उसमें संगीत के प्रति गहरी साधना और लगन की झलक भी दिखाई दी. प्राचार्य डॉ. आर.के. तिवारी ने अपने आशीर्वचन में कहा मध्य प्रदेश दिवस हमें हमारी मातृभूमि की एकता, समृद्धि और गौरव की याद दिलाता है. यह दिन केवल उत्सव नहीं, बल्कि संकल्प का भी प्रतीक है कि हम सब मिलकर अपने प्रदेश और राष्ट्र को शिक्षा, संस्कार एवं विकास के मार्ग पर अग्रसर करेंगे. कार्यक्रम का संचालन डॉ. राम द्विवेदी ने किया. कार्यक्रम में डॉ. अरुण सोनी, डॉ. भारत भूषण दुबे, डॉ. अमित मिश्रा, डॉ. भीम कुशवाहा, डॉ. रामेश्वर सिंह, रेखा पयासी, पूनम पटेल मौजूद रही.

## संकट की घड़ी में सरकार किसानों के साथ : सिद्धार्थ

**नवभारत न्यूज**

**चाकघाट, 1 नवम्बर, विधायक सिद्धार्थ तिवारी राज ने बेमौसम बरसात से किसानों की फसलों में हुए नुकसान का शीघ्र सर्वे शुरू करवाकर मुआवजे के लिए अधिकारियों को निर्देशित किया है.**



उन्होंने कहा है केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान एवं मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव से भी इस संबंध में बात हुई है. त्योंथर समेत जिले में हुई असमय बारिश से खेतों में पानी भरने के कारण पककर खड़ी व कटी धान की फसल में सबसे अधिक नुकसान हुआ है. खेतों में पानी जमा होने से रबी की फसल सरसों, चना और मसूर भी सड़ने लगी हैं. उन्होंने आश्वस्त किया कि जिले में राजस्व, कृषि और बीमा कंपनी का संयुक्त सर्वे करवाकर किसानों को नष्ट हुई फसलों का बीमा क्लेम और सरकार उचित मुआवजा दिलवाया जाएगा.

सिद्धार्थ तिवारी ने कहा कि संकट की इस घड़ी में केंद्र व प्रदेश सरकार किसानों के साथ है.

# बेमौसम बारिश से बर्बाद हुई फसल का सर्वे कराने एसडीएम को ज्ञापन

**नवभारत न्यूज**

**गुढ़, 1 नवम्बर, गुढ़ विधानसभा क्षेत्र में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी गुढ़ ने शुक्रवार को एसडीएम कार्यालय गुढ़ पहुंचकर ज्ञापन सौंपा. ज्ञापन में कांग्रेस पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने क्षेत्र में बेमौसम बारिश से धान की फसलों को हुए नुकसान का सर्वे कराने और किसानों को मुआवजा दिलाने की मांग की है.**

कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने तहसील कार्यालय पहुंचकर एसडीएम के नाम संबोधित ज्ञापन तहसीलदार अरुण यादव



को सौंपा है. ज्ञापन में बताया कि गुढ़ विधानसभा क्षेत्र में लगातार बेमौसम बारिश से धान की फसल पूरी तरह से बर्बाद हो गई. क्षेत्र के किसान पूंजी लगाकर धान की आस में बैठे थे कि धान कटाई के बाद खरीदी केंद्र में बिक्री करेंगे लेकिन धान कटाई से पहले ही पूरी फसल बारिश से नष्ट हो गई है खेत में ही दोबारा धान अंकुरित होने लगा हैं. ब्लॉक कांग्रेस कमेटी ने किसानों की परेशानी को देखते हुए तत्काल सर्वे का कार्य शुरू कराने की मांग की है.

ताकि किसान अपने परिवार का पालन पोषण कर सके रबी की फसल बोने का समय भी चल रहा है लेकिन किसान पूरी तरह से टूट चुका हैं. एक तो लोन और साहूकारों से कर्ज लेकर खेत की बुवाई करवाए लेकिन बेमौसम हुई बारिश से पूरी फसल बर्बाद हो चुकी है और किसान आत्महत्या करने के लिए मजबूर हो गया इसलिए इन सभी समस्याओं को देखते हुए तत्काल टीम गठित कर सर्वे कराया जाए. ज्ञापन देने में महेंद्र उपाध्याय गुढ़ ब्लॉक अध्यक्ष कांग्रेस, नरेश तिवारी जिला सचिव कांग्रेस, अशोक पांडेय निर्वाचन प्रभारी ब्लॉक गुढ़, उमेश सिंह किसान कांग्रेस कार्यकारी अध्यक्ष रीवा, सुभाष मिश्रा निर्वाचन सह प्रभारी ब्लॉक गुढ़, सज्जन सिंह उपाध्यक्ष नगर पालिका गुढ़, अर्चना त्रिपाठी पूर्व जिला अध्यक्ष महिला कांग्रेस, सत्येंद्र सिंह बड़ागांव, ज्ञानेंद्र पटेल करौंदी, दिनेंद्र दुबे, नीलू तिवारी, चंद्रमोल उपाध्याय गुढ़, जयराम कुशवाहा, शिवाकांत कुशवाहा, अनुराग तिवारी पूरास, शुक्रमणि कुशवाहा, कमलेश पटेल, भरतलाल शर्मा, रवेंद्र पटेल, नरेंद्र सिंह उपस्थित थे.